उपसभाध्यक्ष महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। हम लोग इराक के प्रति अमेरिका के रुख की चर्चा कर रहे हैं। उससे भी गंभीर बात यह हो गयी है कि अमेरिका के रुख के कारण संयुक्त राष्ट्र संघ का वर्चस्व समाप्त होने वाला है। वह अपने डिक्टेशन पर दुनिया की पंचायत चलाना चाहता है। ऐसा समय एक बार हिटलर के जमाने में आया था। हिटलर जैसे ही सत्ता में आया जर्मनी लीग आफ नेशंस से बाहर चला गया। ठीक वही समय इस समय बुश के जमाने में आ रहा है। वह कई बार धमकी देता है कि अगर हमारी बात नहीं मानी गयी तो हम संयुक्त राष्ट्र संघ से अलग हो जाएंगे। भारत सरकार को, भारत को, सम्पूर्ण एशिया को और सम्पूर्ण दुनिया को इस पर गंभीरता से सोचना होगा कि अगर यह दुनिया की पंचायत ही नहीं रहेगी तो हम इराक पर, अफगानिस्तान पर या भारत पर बहस क्या करेंगे। अगर अमेरिका दादागिरी करना चाहता है संयुक्त राष्ट्र संघ के सवाल पर तो दुनिया के दूसरे देशों को इकट्ठे होकर एक अलग मंच बना देना चाहिए जो संयुक्त राष्ट्र संघ की मान्यताओं के आधार पर दुनिया की पंचायत करने का बीड़ा ले। लेकिन यह बहुत दिन झेला नहीं जा सकता है।

कोई एक देश दौलत के मामले में धनी होगा तो दूसरे देश अपनी मजबूरी से उसके खिलाफ कड़ी बात नहीं बोलेंगे। यह हम लोगों के गांव में भी होता है, शहरों में भी होता है। जहां कहीं धनी होते हैं कमजोर को दबा दिया करते हैं। उसकी निगाह तो झगड़ा –झंझट करने में किसी और चीज पर रहती है।

हमको एक दूसरी बात भी सोचनी पड़ेगी कि क्या जब कभी भी लड़ायां होंगी तो केवल एशिया में ही होंगी? हिटलर की लड़ाई जापान से लेकर अफगानिस्तान होते हुए इराक तक चली। हमेशा एशिया पर ही खतरा मंडलाता रहेगा? यह तो एशिया के लोगों को सोचना पड़ेगा कि हम ही लड़ाई का मैदान क्यों बन रहे हैं, कुरुक्षेत्र क्यों बन रहे हैं? कहीं और क्यों नहीं बनता? कोई यूरोप का देश क्यों नहीं बनता? अमेरिका का देश क्यों नहीं बनता? यहां तक कि अफ्रीका वाले भी नहीं बनते। हम एशिया वाले ही बार-बार बन जाते हैं। इस सवाल को सोचने के लिए एशिया के सभी देशों को जिनसे हमारे संबंध बूरे हैं उनको भी बुलाना होगा कि कितने दिनों तक हम युद्ध स्थल बने रहेंगे।

युद्ध के क्या नुक्सान होते हैं इसका विश्लेषण मैं आज नहीं करुंगा। इराक एशिया में है। इराक में तेल का बहुत बड़ा भंडार है। जार्ज बुश, हमको बताया गया था कि किसी तेल की कंपनी में पहले नौकरी करते थे। खाहमख्वाह उनकी निगाह तेल पर बहुत जाती होगी। अफगानिस्तान के बाहर जो बाल्टिक सागर वगैरह है वहां भी थोड़ा बहुत तेल निकलता है। तो तेल ढूंढने के लिए इन्सान की जिंदगी को बरबाद न करें। भारत सरकार को कड़ा रुख लेना चाहिए।

स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण के समय कर्नल नासिर ने किसी से पूछा नहीं था। उस समय टीटो थे। उस समय नेहरु थे। हिम्मत करके इन लोगों ने राष्ट्रीयकरण का समर्थन कर दिया। फौजें किनारे खड़ी रह गयीं। भारत सरकार को पता नहीं क्यों काठ मार गया। हिम्मत कर ही नहीं पा रहे हैं। बोलना पड़ेगा कि पलटन का इस्तेमाल जखीरे पर नहीं होगा। इराक ने बहूत हथियारों का जखीरा इकट्ठा कर लिया है और यह, वह देश उपदेश दे रहा है जिसके पास दुनिया का सबसे बड़ा हथियारों का जखीरा है। जो चाहे कर सकता है।

हम लोगों के यहां अभी जो एक छोटा-सा परीक्षण हुआ तो बहुत सख्त रुप दिखलाया, कहा कि तुम पर बहुत-सी पाबंदियां लगा दी जाएंगी अगर यह हरकत करोगे। लगायी भी गयीं। कौन पाबंदी लगाएगा उस मालिक पर जिसने दुनिया का सबसे बड़ा जखीरा रखा है? और इस पर बहस होनी चाहिए कि अगर हथियार खतरनाक हैं तो वह भारत रखता है, इराक रखता है या अमरीका रखता है, सभी हथियार खतरनाक हैं और इस पर दुनिया की पंचायत में गंभीरता से बहस होनी चाहिए। इस तरह से एक बहाना ले करके कि इराक के पास अथाह हथियार हो गए, इसलिए उस पर हमला करना जरुरी है। संयुक्त राष्ट्र पर जिस तरह से दबाव डाला गया, यह तो गनीमत कहिए कि किसी तरह, मैं तारीफ करुंगा इराक की असेंबली के लोगों की कि अमरीका के प्रस्ताव को एक स्वर से उन्होंने इंकार किया। हिन्दुस्तान की पार्लियामेंट क्या एक स्वर से अमरीका के खिलाफ कभी इस तरह से खड़ी हो सकती है? राज्य सभा के सदस्यों से मेरा यह दूसरा सवाल है। उन्होंने सद्दाम के ऊपर छोड़ दिया कि तुम जो चाहो मानो। उसने पर्यवेक्षकों के लिए मान लिया और पर्यवेक्षक वहां गए हैं। लेकिन उनके जाने के बाद भी, उपसभाध्यक्ष महोदय, हथियारों से लैस अमरीका के जहाजी बेड़े समुद्र में तैर रहे हैं। वे भारत की सीमा के भीतर से गुजरने वाले हैं। यशवंत जी इस समय तो विदेश मंत्री हैं, उस समय वित्त मंत्री थे, चन्द्रशेखर जी की सरकार थी। ...(**व्यवधान**).....

**श्री संघ प्रिय गौतम** (उत्तरांचल): आप भी थे।

**श्री जनेश्वर मिश्र:** हां, हम भी उस सरकार में थे। हम कहां भाग रहे हैं।

**श्री संघ प्रिय गौतम:** याद दिला रहे है।

**श्री जनेश्वर मिश्र:** हमको याद है। जब यशवंत जी का याद है तो अपना भी याद है और आपका भी याद है। तो हम लोगों ने गलती से एक लड़ाई के जहाज में पेट्रोल दे दिया था, उसके लिए इजाजत दे दी थी। हिन्दुस्तान की जनता ने हम लोगों को कहीं का नहीं रखा। जनता बहुत बड़ा जज हुआ करती है। सत्ता में बैठे हुए लोगों की एक भूल किस सीमा तक जनता के जजमेंट में आती है इसका अंदाज हम तो मन ही मन लगाते रहते हैं, क्योंकि उस सरकार में थे। भारत की सीमा से कोई भी समुद्री बेड़ा इराक की तरफ युद्ध के लिए न जाए भारत सरकार को इस पर कड़ा रुख लेना चाहिए। वैसे समुद्री बेड़ा चलता रहे, न चले, कोई मतलब नहीं होता, लेकिन हमरी सरहद से नहीं जाना चाहिए। अगर सरहद से आपने इजाजत दे दी तो एक तरह से अप्रत्यक्ष रूप से आपकी भागीदारी हो गई। कोई चोर चोरी करने के लिए किसी तीसरे के घर में जाए और हमारे दरवाजे बंदूक बजाता हुआ जाए, हम उसको मना न करें

कि हमारे दरवाजे के सामने से मत जाओ, तो हमारी भागीदारी मानी जाएगी। यह अपराधवृत्ति का सामान्यताः नियम है। वह रोकना पड़ेगा। दूसरी बात जो बहुत गंभीर हो गई है, वह है उपसभाध्यक्ष महोदय..(**समय की घंटी**)... अभी 8 मिनट तो नहीं हुए होंगे?

**उपसभाध्यक्ष (श्री संतोष बागड़ोदिया)**: आलरेडी साढ़े नौ मिनट हो गए हैं।

**श्री जनेश्वर मिश्रः** इस समय हम अखबार में जॉर्ज बुश के बारे में पढ़ रहे थे। इंग्लैंड में कोई सर्वे हुआ था। उस संगठन का नाम था "चाइनल फार न्यूज"। उसेमें 33 सैंकड़ा लोगों ने यह कहा कि बुश खतरनाक आदमी है, 33 सैंकड़ा लोगों ने कहा कि इस पर विश्वास नहीं किया जा सकता और 46 सैंकड़ा लोगों ने अपने प्रधान मंत्री टोनी ब्लेयर को जॉर्ज बुश का पिछलग्गू कहा। अगर हमारे समुंद्र से युद्ध का जहाजी बेड़ा चला गया और कोई सर्वे हो गया तो हमारे प्रधान मंत्री जी को क्या कहा जाएगा? क्या कहा जाएगा, हम अपनी तरफ से कोई शब्द इस्तेमाल नहीं कर रहे है। दुनिया इस तरह की घटनाओं पर सर्वे कर रही है, राय बना रही है। हमें यहां पर बहादुर और वीर बनने की जरुरत है और भाषण से वीर नहीं, बल्कि कर्म से वीर। यह मैंने इसलिए कह दिया कि यह इंग्लैंड में अभी-अभी हुआ है। हम अखबार में पढ़ रेह थे, हम को अगर वीर बनना है तो कम-से-कम इस लांछन से तो बचना ही पड़ेगा, जहाजी बेड़े को रोकना पड़ेगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आखिरी बात कहकर समाप्त करुंगा कि भारत में ईराक के राजदूत ने एक जलसे में कहा है कि पाकिस्तान से युद्ध के समय, इन सारे संबंधों में बिगाड़ के समय, ईराक की सरकार ने और वहां की जनता ने दुनिया के मुस्लिम समुदाय के विरोध के बावजूद भारत का साथ दिया था। यह आज या कल के अखबार में मैंने पढ़ा है। महोदय, अब अगर यह सच है और यह सच है भी तो धार्मिक कट्टरपंथ दुनिया में कितना बढ़ा है, हमारे देश में कितना बढ़ा है, इसे हम लोग जानते हैं और उस विरोध के बावजूद अगर कोई राष्ट्र खड़ा होकर भारत के समर्थन में अपनी बात करता है तो बेलाग हिम्मत के साथ भारत को भी चाहिए कि वह ईराक के पक्ष में और अमेरिका के खिलाफ खुला बयान दे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): Mr. P.G. Narayanan. You have five minutes.

SHRI P.G. NARAYANAN (Tamil Nadu): Okay. Mr. Vice-Chairman, Sir, Iraq is being threatened with a war once again. The allegation against Iraq is that it is has weapons of mass destruction, it is a threat to its neighbours and it has links with terrorist outfits such as Al Qaeda. „Sir, we have to see whether these allegations are true or not. I submit that these allegations are not based on facts. The United Nations inspection regime destroyed the Iraqi military machine and the United Nations sanctions deprived Iraq of money even to feed its population. The International Atomic Energy Agency in its most recent report has categorically stated that

Iraq no more has a nuclear weapons programme. Last month President Vladimir Putin declared that Russia had not seen any evidence of Iraq developing weapons of mass destruction. Several UN weapons inspectors who monitored every major Iraqi industrial activity during the period from 1991 to 1998 have categorically stated that Iraq does not possess weapons of mass destruction and that it has no more the capacity to produce such weapons. Iraq no longer has the necessary infrastructure or access to technology. Iraq is willing to allow UN weapons inspectors and give them unrestricted access to all its facilities so that no doubt remains in this regard and further negates the American claim. The Iraqi Government is an authoritarian regime and a one party rule of the Baath Party. It is for the people of a country to chart their own future and decide the form of Government which they find suitable without outside intervention. The core ideology of the Baath Party is secularism, socialism and pan-Arab nationalism.

Religious extremism and fundamentalist organisations are dealt with ruthlessly in Iraq. The Baath Party of Iraq has an unblemished secular record and the possibility of any co-operation between the Iraqi Government and Al-Qaeda terrorist outfit did never arise. The Government of Iraq did not recognize the Taliban Regime in Afghanistan...*{time-bell)*...Sir, I have not taken even two minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): Your allotted time is over...*{Interruptions)*...\ am going by the time. You can take two more minutes.

SHRI P.G. NARAYANAN: I will take just three more minutes. Just like India, Iraq also granted recognition to the Government-in-exile of Prof. Rabbani as the legitimate Government in Kabul. Iraq, today, poses no threat to any country. The Arab nations, unanimously, endorsed a Resolution opposing any attack on Iraq at the Beirut Summit.

The Gulf war of 1991 resulted in the imposition of crippling sanctions against Iraq which continue to this date. The MoU agreed upon by the Government of Iraq and the U.N. in 1996, known as "Oil-for-Food Programme" softened the sanctions. The situation is far from adequate substitution for normal economic activity. After the Gulf War, there has

been a manifold increase in cancer and premature births in Iraq. It has gone up from 4.5 per cent to 32 per cent, according to one UNICEF Report.

We should not forget that the Government of Iraq has extended its firm support to India on Kashmir issue and opposes the use of religion as a criterion for determining nation states. A war against Iraq will seriously jeopardise India's strategic interests. It will strengthen the terrorist cause and open the doors to international anarchy. Sovereignty of Iraq or any other country should not be undermined by outside force. So, there is no need for waging a war against Iraq. So, US shouid think and act instead of rushing to fulfil its own objectives and interests.

The Government of India should co-ordinate with the Non-Aligned Movement, the European Union and the Arab League to prevent this war. India should also strongly urge the Security Council to end the economic sanctions against Iraq so as to restore the health and the well-being of Iraqi people. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): Mr. Virumbi. Your party has been allotted five minutes. Please stick to that time. At least, there is no competition on this subject.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu) : I will take only that much time which has been taken by my colleague.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA) : No, no. You take five minutes. Give him some relief.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI : Mr. Vice-Chairman, Sir, the Short Duration Discussion brought before us is, 'on the grave situation arising in West Asia threatening world peace and security'.

We have to look at the situation from the world peace and security angle. Everybody knowsthat India had, has and will have cordial relations with the West Asian countries, particularly Iraq, because even in the Organisation of the Islamic Countries, Iraq stood by India. The situation, now, is that the present discussion is taking place because of the observations made on this issue by our hon. Prime Minister. Sir, India's stand is that one should not impose one's will on other countries; and Iraq

should comply with the UN Resolution, and destroy the weapons of mass destruction. Also, once the UN team is satisfied that Iraq has complied with the Resolution, the sanction against Iraq should be lifted. We say that because, otherwise, it will affect the peace and security of the region. On the eve of our Independence, Pandit Jawaharlal Nehruji founded the bipolar system. Pandit Jawaharlal Nehru from India, Marshal Tito from Yugoslavia and Mr. Nasser from Egypt, were the architects of the non-aligned movement. When the Cold War is over, when liberalisation is taking place, there are bound to be differences of opinion among countries, and also, within a country. The developed countries have, so far, allowed only the free flow of capital. The developed countries have not allowed the free flow of labour throughout the world. Therefore, there is a difference of opinion. How is it going to affect the world? Iraq owes to Russia 8 billion dollars. Russia has got a contract for rehabilitation of the oilfields in Iraq. Some of the important oilfields are West Qurna - the richest deposit in the world -, Majnoo and Nahr Umar. When it is so, Russia has got an economic interest in Iraq. That is also a point. We will have to see to it. Now, the UN team has inspected. Today, through the electronic media, we came to understand that the UN Team is satisfied with its inspection. I do not know whether they are thoroughly satisfied, because there was a condition that they should not enter the mosques and the palace of Saddam Hussain. We also do not know whether the UN Team had complied with the conditions put forth by Iraq. But, the report is that the UN Team is satisfied with its inspection. But, I would like to emphasise on the point that despite the fact that the UN Team is satisfied, one is not sure whether the war against Iraq will be averted or not. It is a question of debate. Why do I say so? I would like to point out that in the first week of May, there was information from the US... *(Time- bell)* I will take only three minutes, Sir. ...*interruptions)*... Sir, I would like to quote from *The Hindu.* The UN Secretary of State, Collin Powell, on Sunday, the 7$^{m}$ May, 2002, said, "The Bush Administration's policy on leadership change in Iraq is separate, distinct, different, from allowing the weapons to be inspected in Iraq." That means, the inspection has been delinked from the question leadership change in Iraq. That is why we have a doubt in our mind whether the war against Iraq would be averted or not, despite the fact that the UN Team is satisfied with its inspection. Sir, they further say, "The United States reserves its opinion to do, whatever it believes might be appropriate to see if there can be a regime change. The U.S. policy is like this. Regardless of what the Inspectors do, I repeat, regardless of what the Inspectors do, the

people of Iraq; the people of the region would be better off with a different regime in Baghdad. This is what was announced by the Secretary of State, Mr. Collin Powell. So, even if the U.N. Inspection Team is satisfied, we doubt whether war could be averted. Now, what is the role of India in this? In this connection, the observations made by the hon. Prime Minister have been hailed throughout India, cutting across party-lines. But the point is, this observation should be translated into action. This is what we expect from the Government. The people of Iraq are suffering a lot. In order to save the people of Iraq, in fact, to save the people of all the developing countries, some basic facilities should be provided to them. In- developing countries, unemployment is on the increase, and even basic facilities are not available there. In Iraq, even the life-saving drugs are not available, and they are suffering day in, day out. We want that India should become a permanent member of the Security Council. This is my suggestion. And we will always stand by the Government on this. I think the entire House will agree with me on this. *(Interruptions)...* If India becomes a permanent member of the Security Council, then, I think these type of things would be averted by veto. We should save the people of Iraq by restoring democracy there. We should see to it that multi-party system is restored there. It is for the people of Iraq and nobody else, to decide how to restore democracy there.

SHRI K. RAHMAN KHAN (Karnataka): Sir, I thank you very much for giving me this opportunity. The situation in West Asia is really grave and a cause of concern for all the peace-loving countries of the world, particularly, India. Whenever the world is threatened with war, India, as the Leader of the Non-Aligned Movement has played a pro-active role towards peace. I want to get an assurance from the hon. External Affairs Minister whether this time also, India, would play the same role, keeping this past tradition in mind. It is very clear from the utterances of the U.S Administration that it wants a war. I am afraid, even if the Weapon Inspectors give a clean chit to Iraq; even if they say that Iraq does not have chemical, biological or nuclear weapons, America will, definitely, find some excuse to create a situation for war. We have to be careful about this. We have very good relations with America. We should have good relations with America. But, at the same time, as hon. very senior leader, Mr. Pranab Mukherjee said, India has got an independent foreign policy. India has a role to play in the world community. We are the largest democracy in the world. We value democracy more than America. America plays a dual role

as far as its foreign policy is concerned. In certain countries, America wants to establish dictatorship and in certain other countries, it wants democracy. But, our role is not like that. We are the biggest democracy in the world. We are an independent country, and our policy should also be independent.

Why we should suspect America, because America kept quiet for 11 years. Weapon Inspectors used to visit there. Till 1998, it kept silent. But after n$^{lh}$ September, after the Afghan War, all of a sudden, America started thinking about Iraq. It has not yet been able to convince the world as to how it is threatened by Iraq. America has not identified Iraq with Al-Qaeda. America never said that Iraq is encouraging terrorism. The only charge it has made against Iraq was that it has biological or chemical weapons. If it has, then, definitely, it is a threat to the world. They ought to be destroyed. Except UK and US, no other member of the Security Council is really convinced about this. They have voted, by force, for this Resolution. In that situation, we have seen what sort of catastrophe the earlier wars have brought on the people of Iraq. Nearly five lakh children died. Every month, 4,500 children are dying. Does the United Nations have no role to play? Should we be a silent spectator to what is happening and all that, despite tbe best relations we want to maintain? What are we doing? On the one hand, America says that if the UN Resolution is not adhered to by Iraq, it will wage a war. On the other, they are silent when Palestine and Israel are violating the UN Resolutions. Israel has thrown many such UN Resolutions Into the dustbin, but America never voiced its concern. So, where America has its own vested interests, it is okay. Might is right. But that should not happen. So, what is required on the part of India is a pro-active role? The whole world is looking at us. If super power threatens small nations, we must come to the rescue of those nations. We have the best relations with West Asia. Therefore, it is very important even from the security point of view. In "West Asia, most of the countries are Islamic countries. At this juncture, they need our help and support. We must support them, because Pakistan is acting through the Organisation of Islamic Countries (OIC). In West Asia, we need to play a pro-active role to convince those countries that Pakistan is wrong, that it is harbouring terrorists. We have to take those countries into confidence. We are having the best relations with those countries. Once we are able to convince those countries, Pakistan will be weakened and isolated. This is another aspect which we have to look into. I would like India to play a pro-active role in Palestine also. The manner in which the Israel is attacking, the way it is occupying the places

which were, earlier, under the control of Palestine, I think, we need to play a pro-active role. We must take up this matter with the United Nations. I fully agree with Mr. Virumbi when he says that we should get the permanent membership of the Security Council.

It is only India which can stand, and have a permanent membership. You have to be a permanent Member of the Security Council because, we are the largest democratic country in the world, and we should work towards that.

Sir, Iraq is already a suppressed country. How much are they going to suppress that country? I must congratulate the Foreign Minister, and our Prime Minister. There is a statement from the Prime Minister that 'nobody can interfere in the internal affairs of Iraq, and nobody can dictate as to who should be the ruler of a particular country.' It is a very bold statement on the part of our Prime Minister. We all stand by him. We should all see that as far as the Foreign Policy is concerned, we are all one. Our foreign policy is consistent. I am sure that India's voice will be heard. India will again emerge as the Leader of the Non-Aligned Movement, and will not allow any Super-Power, whether it is Russia or any other Super-Power or emerging Super-Power, to dictate the smaller nations or suppress the rights of other countries.

**उपसभाध्यक्ष (श्री संतोष बागड़ोदिया):** श्रीमती सरोज दूबे। आपके पास पांच मिनट का समय है।

**श्रीमती सरोज दुबे**(बिहार)**:** माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय प्रणब मुखर्जी द्वारा उठाई गई चिंता से अपने आपको संबद्ध करते हुए कहना चाहती हूं कि पश्चिमी एशिया में जिस तरह के हालात पैदा हो रहे हैं उससे विश्व की शांति और सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। विश्व शांति के लिए खतरा बने हुए राष्ट्रपति बुश इराक पर हमला करने की अपनी योजनाओं को लेकर सुरक्षा परिषद में हो रहे विरोध से बहुत खफा हैं। वे धमकी दे रहे हैं कि अगर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वह भूमिका नहीं निभाई जिसकी अमेरिका को अपेक्षा है तो वह संयुक्त राष्ट्र संघ का भी वही हश्र करेंगे जो लीग आफ नेशन्स का हुआ था। ...(**व्यवधान**)..... यह एक तरह से विश्व बिरादरी को खली चेतावनी है कि या तो वे अमेरिका का कहना मान लें या फिर अमेरिका संयुक्त राष्ट्र संघ से बाहर हो जायेगा जिससे उस संस्था की व्यवस्था चरमरा जायेगी और उसका खात्मा हो जाये गा।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह सभी जानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना का मूल कारण उसके घोषणा पत्र में यह था कि आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से

बचाया जाए। यह सच है कि 1945 के बाद से कोई महायुद्ध नहीं हुआ है, लेकिन तीन सौ युद्ध हुए जिनमें हजारों लोग मारे गये हैं जो तीसरी दुनिया के लोग थे। संयुक्त राष्ट्र संघ के पांच बड़े देशों का यह मानना है कि उन्होने दुनिया को युद्ध से बचा लिया है, जबकि वास्तविकता यह है कि ये सभी बड़े देश दुनिया में हथियारों की आपूर्ति और बिक्री में लगे रहे और अपने लिए आधुनिकतम विनाशकारी हथियार विकसित करते रहे और इनका अपने यहां बड़ा जखीरा बनाते रहे। इन्होने ऐसा जखीरा बना लिया जो सचमुच में सारी दुनिया का कुछ सेकेंड में खात्मा कर सकता है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री पी0 प्रभाकर रेड्डी) पीठासीन हुए।**

अमेरिका के राष्ट्रपति बुश द्वारा अफगानिस्तान पर फतह करने के बाद अब उनकी इराक पर टेढ़ी नजर है। इनका प्रयास यह है कि विश्व के सभी कमजोर और छोटे देशों में उनके इशारे पर काम करने वाले राष्ट्राध्यक्ष हो जाएं ताकि जब भी वे कोई निर्णय ले तो सभी राष्ट्रध्यक्ष उनके साथ हां में हां मिलायें।

गत वर्ष 11 सितम्बर को अमेरिकी सैनिक ताकत का अड्डा पेंटागन तथा आर्थिक साम्रज्यवाद का अड्डा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की इमारतों पर जो उग्रवादी हमला हुआ, वह काफी दुखद था। लेकिन इससे अमेरिका की अर्थ शक्ति का दम्भ चरमरा गया। विश्व के ताकतवर देश के अहंकार को जबरदस्त धक्का लगा। उसके बाद ही अफगानिस्तान में तालिबान के गढ़ को ध्वस्त करने के बाद अपने मन माफिक सरकार के हाथों में वहां कि सत्ता सौंपकर उसका दूसरा पड़ाव इराक हो गया है।

जब राष्ट्रपति बुश ने इराक की जनता से अपील कि की वह सद्दाम को हटा दे तो यहां की जनता ने प्रतिकार स्वरूप सद्दाम हुसैन को सात साल के लिए अपने देश का शासन सौंप दिया। उसके बाद राष्ट्रपति बुश ने फिर अपना दुसरा पैंतरा बदल दिया और कहा कि विध्वसक अस्त्र-शस्त्रों का बहुत जखीरा सद्दाम हुसैन ने जमा कर रखा है जिस्से विश्व शांति को बहुत खतरा है जबकि अमेरीका पर ऐसे आरोप रूस लगाता रहा है कि उनके यहां विध्वंसक अस्त्र-शस्त्रों का बहुत बड़ा जखीरा है लोकिन अपने गिरेबां में कभी अमेरीका ने झांकने की कोशिश नहीं कि लेकिन इराक ने संयुक्त राष्ट्र संघ की जो संयूक्त राष्ट्र शस्त्र निरीक्षक समिति है, जिसमें 24 तक्नीकी विशेषज्ञ भी शामील हैं, हो सकता है अब तक उनका निरिक्षण हो गया हो, उनके किसी अन्य बहाने की तलाश में हैं। ऐसे समय में भारत के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है, उसको अपना मार्ग तय करना पड़ेगा कि वह कौनसी अहम भमिका निभाए ताकि भारत विश्व के मंच पर एक बार फिर से उभर कर आ सके । सी परिप्रेक्ष्य में प्रधान मंत्री जी ने जो बयान दिया, वह स्वागत योग्य है कि कुछ तो उन्होंने देश की गरिमा के अनुकूल कहा कि प्रत्येक राष्ट्र को अपनी सरकार चुनने का अधिकार है। राष्ट्र संपन्न हो या विपन्न लेकिन उसकी सम्प्रभुता में किसी को भी दखल नहीं देना चाहिए। यह देश गरिमा के अनुकूल है लेकिन उन्होंने बहुत देर की। इससे पहले हम इराक के खिलाफ लगे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के संबंध में एक अंतर्राष्ट्रीय मंच पर यी किसी भी मंच पर कभी भी कुछ दबी जबान से भी नहीं कह पाए जबकि

इराक ने हमेशा हमारी गाढ़े समय पर मदद की है। भारत पर जब जब संकट आया, इराक हमारी बगल में खड़ा रहा। यह सभी जानते हैं कि इराक कि बरबादी की सीधा-सीधा रिश्ता भारत कि बरबादी से जुडा हुआ है। कमाल तो यह है,जैसे राष्ट्रपति बुश की इराक पर हमले की धमकी के साथ ही साथ आपने देखा होगा कि पेट्रोलियम के पदार्थों के दाम बढ़ने लगे हैं। इराक एक ऐसी ताकत है जिसके हमले पर सारे विश्व का दारोमदार निर्भर करता है। कमाल तो यह है कि ब्रिटेन को छोड़कर पूरा यूरोपियन समुदाय, यहां तक कि फ्रांस भी राष्ट्रपति बूश के साथ नहीं है। (**समय की घंटी**) अमेरीका के विदेश मंत्री भी उसके साथ नहीं हैं और बिना किसी की सहमति लिए अकेले इन्होंने अपनी घोषणा कर ली है और इनकी हठघर्मिता से सारे ही लोग परेशान हैं और ये संयूक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था को खुलेआम चुनौती देकर अपने इशारे पर नचाना चाहते हैं ब्रिटेन जो हर ककुर्म में अमेरिका का साथ देने वाला साथी है, वे इन संस्थाओं को अपने हाथ का खिलौना बनाना चाहते हैं । तो भारत को भी अपनी भुमिका तय कर लेनी चाहिए और ऐसा न हो कि ऊहोपोह कि स्थिति यह हो जाए कि" दुविधा में दोनों गए, माया मिली न राम"। तो इसलिए अमेरीका के खौफ के साए से आप बाहर आ जाएं और एक दृढ़ संकल्प के साथ विश्व के मंच पर खड़े होकर अपनी जो परंपरागत विदेश नीति है, उसके अनुकल आप कार्य करें, उसके अनुकूल आप बात करें ताकि विश्व के मंच पर आपकी एक अलग पहचान बने आपके पीछे जो कमजोर और अमेरिका के खौफ में दबे राष्ट्र है, आपके पीछे-पीछे आकर खड़े हो सके और आप हो सके और आप उनकी अगुवाई कर सकें।

**उपसभाध्यक्ष (श्री पी. प्रभाकर रेड्डी):** सरोज दुवे जी, अब कृपया खत्म कीजिए। आपका पांच मिनट का समय था, आपको सात मिनट मिल चुके हैं।

**श्रीमती सरोज दुबे:** बस थोड़ा सा और है । भारत को अपनी विदेश नीति पर अटल रहना चाहिए। हमारी विदेश नीति है सहअरितत्व कि तटस्थता की और विश्व शांति का संदेश देने वाली गुटनिरपेक्षता की। आपको याद होगा और मैं आपको याद दिलाना चाहूंगी कि श्रीमती। इंदिरा गांधी ने 113 गुटनिरपेक्ष देशों कि अगुवाई करके पूरे विश्व में अपना झंडा गाड़ रखा था । तो आप बी उसी गौरवशाली देश की सरकार में है, उसी देश के विदेश मंत्री है, उसी देश के हमारे प्रधान मंत्री है, । आपको भी चाहिए कि अफनी उस परंपरागत विदेश नीति को अपनाते हुए उसके अनुकूल कार्य करें और पूरे जो कमजोर और विकाशील राष्ट्र हैं, उनके अगुवाई करें इराक की मदद करे और अमेरीकी कि दादागिरी को पूर विश्व के मंच से आप हटा दें। देखिए आपके इस दृढ़ कदम के पीछे पूरी दुनिया खड़ी हो जाएगी और आप इस देश में भारत का नाम ऊंचा करेंगे तभी भारत आगे बढ़ेगा । इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगी कि फिलिस्तीन और इजराईल का जो तनाव है उसमें भी आपको अपनी अहम भुमिका नीभानी चाहिए। क्योंकि सभी को मालूम है कि यासर अराफात को शांति का पुरास्कार मिला और आज उनको सुरक्षा की आवश्यकता पड़ गई है । माननीय दोनों विदेश मंत्री जी यह पर बैठे हुए हैं, ...(**व्यवधान**)... मैं बस यही निवेदन करना चाहती हूं कि भारत के लिए बहुत अच्छा मौका है। इस समय अमेरिकी की दादागिरी से पूरी दनिया त्रस्त है और यूरोपीय समुदाय बी त्रस्त है । आपके लिए मैका है, अगर आप यह मौका चुके गए तो आपके लिए यह मौका दुवारा आने वाला नहीं है । आप एक फिर से भारत के गौरव को ऊंचा करिए, भारत के परचम को बहुत ऊंचा लगराइए और गरीब औ विकसित देशों को आप मदद करिए।

4.00 p.m.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY); Shri V.V. Raghavan. You have three minutes' time.

SHRI V.V. RAGHAVAN (Kerala) : Mr. Vice-Chairman, the time is ripe for our hon. Minister for External Affairs to take bold initiatives to mobilise the whole peace-loving forces and the nations to check the mad attempts of America and Britain to take this world to a devastating war. An attack on Iraq will not be confined to that. We must say, America should keep its hands off Iraq. The Palestinian people have a right to live on their own soil peacefully. They are being mercilessly attacked. That attack should stop. America can ask Israel to stop this war against the Palestinian. Sir, in the name of war against terror, the United States' calculated move is for world domination by military might and economic bondage. From Caspian Basin to Afghanistan, America wants to capture the entire oil belt. America wants to destroy Iraq because that country is an obstacle to iheir ambitious project of oil domination. Oil and arms manufacture are the two planks of the crisis-ridden American economy. That is why, this war cry. In the war against terrorism, we are a victim of American double talk and American double standards. General Musharraf thrives under the strong protective wings of American money and arms. In a way, America is cheating India. They say one thing, and they do another thing. This kind of double talk and double standards on war against terrorism must be stopped. Everybody knows, what is happening in Pakistan. Every time they say something and that is not fulfilled. Sir, both the Ministers are having some fun between themselves. Will they be kind enough to share that fun with us also? ...*{Interruptions)*...

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DIGVIJAY SINGH): We will share it with you at the time of the reply.

SHRI V.V. RAGHAVAN: Okay. Sir, the American Government declares that they have every right to attack any country. Thev say: "We have the right to attack any country." They stamped some countries as rogue countries. Who have given them this right? Our voice is very powerful as far as peace is concerned. This is the time for us to tell America with all the emphasis at our command that this kind of dealings will not be tolerated

by the world. India's voice is very powerful. India can mobilise all the countries also. It is time for us to collectively say that they have no right to attack any country. They are taking for granted the United Nations also. So, this kind of attack and this kind of calculated move for world domination must be resisted. It concerns us; it concerns our economy; it concerns our existence. The war against terror is misinterpreted by America for their ambitious aim of world domination. If terror is called an attack on unarmed people, in that sense, America is the number one terrorist country, They are bombing Iraq even nowadays. While they sent inspection squads to Iraq, they attacked Iraq. After sending the inspection squads also, they bombed Iraq. So, this is the time for India to come forward and mobilise the world opinion against America...*(Time bell)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): Mr. Raghavan, you have to conclude now. I had given you three minutes. You have already taken five minutes. Now, please conclude.

SHRI V.V. RAGHAVAN: Sir, I am the most obedient Member. I will abide by your direction. The hon. External Affairs Minister has the vigour, the will and the courage to do it. This is a rare opportunity for him to mobilise the opinion of all the peace-loving nations of the world against the American attack. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY) : Shri Manoj Bhattacharya. Mr. Bhattacharya, you have five minutes' time.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA (West Bengal): Thank you very much, Mr. Vice-Chairman, Sir. Five minutes' time is also too short. So, I will request your indulgence, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY):There are five more speakers.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, I do not know exactly from where to begin. Such an unfortunate situation is prevailing in the entire West Asia or the Middle East Asia. A spectre of uncertainty is hovering around the nations in the Middle East or the West Asia, and it is not only confined to that region, but also hovering around the world. The world is being threatened with an imminent war, .the blood bath and destruction of

civilization even, and who is responsible for this? The United States of America and its cohorts, particularly, the Great Britain, they are responsible for this imminent war. The Great Britain has been subverted into a pooddle to the American foreign policy. I do not know. I don't have that command over the language to describe in short the ill designs of the U.S. imperialism. I must call a spade a spade. I do not know the art of hoodwinking my own feelings and speaking something in diplomatic manner as the External Affairs Minister may have. I do not have anything against the American people. But, Sir, I must say that this country, the United States of America, has always been atrocious; atrocious to the Third-World countries and atrocious to the people of the world, and to subserve their own unilateral feelings, they have even supported the rogue States, umpteen times.

Sir, when I was listening to the hon'ble Members, I was recalling the very audacious utterances of President Roosevelt in the yesteryears, when he said that the despot of Nicaragua, Somosa, when some journalists referred to the things done by Somosa, he is not at all a democrat, he is an autocrat, he is a. dictator, President Roosevelt smiled and said, "I also admit that he is a son-of-a-bitch, but he is our son-of-a-bitch." That is America, that is, the United States. And I can quote umpteen examples where the unilateral activities, unilateral decisions and dubious decisions of American imperialism have resulted into anarchy in this world. Sir, I must say that there is no language at my command to condemn this attitude. I don't know how much this Government of India, as on date, will gather the courage to call a spade a spade and say that down with this sort of an attitude. This is threatening the world peace, this is threatening the world security, this is threatening the security and future of democracy in this world. This is against the freedom of human beings, against the human civilization as a whole. Sir, it is not that America is going to attack Iraq, it is not that America is planning only a pre-emptive attack on Iraq, it is attacking Iraq. Iraq is being attacked every now and then. Even now, Iraq is under attack, it is under siege. The most inhuman, the most gruesome siege has been imposed on Iraq. My friend, Mr. Rahman was referring to their records saying that children - one million children, 10 lakhs of children have died due to paucity of life-saving drugs. Even pencils could not be imported in Iraq, because the American Government has determined that lead can be used for some other purpose. Everyday, some 3,500 to 4000 people are dying in Iraq, because of the lack of minimum amenities, water, the essentials of human living, and this is because of America. And now, the UN

has been forced to adopt this Resolution No. 1441. Despite that Resolution, the President of Iraq, Mr. Saddam Hussein has accepted, against the wishes of the Assembly of Iraq, that they shall allow the inspectors to inspect the sites where the weapons are allegedly hidden, weapons of mass destruction. Sometimes it appears funny to me to think, who is going to inspect the weapons of mass destruction. Who is holding the maximum weapons? Whose economy is depending on the weapon industry? Whose economy is depending on the military industry? Who elected Dick Cheney, the person who is controlling the'war lobby? At whose instance are they doing all these things - the interest of the American corporate houses, the interest of Exxon, Mobile, Chevron, Texaco, the oil giants - they want to grab Iraq's oil without any question, that want to install a Government that wiH subserve the interests of the corporate houses of America and for that purpose only the, President, Mr. Bush, Dick Cheney, the Vice-President, and the whole of America, are conspiring against Iraq. I am not holding the brief for Saddam Hussein, nor am I supporting all the activities of the Baath
Party, but.....*(Time-bell)* I know that I must conclude. I know that I will not be given the chance to speak at length, even though sometimes I wish I could speak from my heart, to bring out our agony.

Sir, with all the limitations, with all my criticisms, I must say that Iraq stands in isolation amongst the oil-producing countries. Kuwait is a monarchy. Saudi Arabia is a monarchy. It is only in Iraq where there is a democratic Government, in whatever form it is. If Musharraf is a democrat, if it is a democratic Government in Pakistan, which America corroborates, then Saddam Hussein's Government would also have to be accepted as a democratic Government. They are against Saddam Hussein because they want to have a complete, unfettered access over the Iraqi oil. Iraq is the number two country, in the world, which possess the maximum quantity of oil. They are reserving the Alaskan oil for the next century, and during this century, they will be plundering the Asian oil. Shall we not stand very bravely, very boldly, and claim that the soil is ours, that we belong to the Asian countries? Sir, I would also like to draw the attention of our hon. Minister of External Affairs to the fact that even though our hon. Prime Minister, when he was in New York...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. PRABHAKAR REDDY): You have to conclude now.

